## आठ पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रांची के दो युवक गिरफ्तार



**चांडिल ।** सरायकेला खरसावां जिले के चौका थाना की पुलिस ने कुल आठ पुडिया ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार दोनों युवक रांची के रहने वाले हैं. इस संबंध में चौका थाना प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत चौका चौक के पास ओवरब्रिज के नीचे विशेष वाहन चेकिंग किया जा रहा था. इसी क्रम में कांड्रा की ओर से आ रहे स्कूटी सवार दो युवक को पकड़ा गया. पकड़ाए दोनों युवकों ने अपना नाम रांची के पुनदाग गोपी अंतर्गत ग्रीन सिटी गेट नंबर 1 निवासी 28 वर्षीय फैजल अमीन और आलम चौक निवासी 28 वर्षीय मो साकीब खान उर्फ गोलू बताया. गोलू का स्थाई पता हिंदपीढ़ी, ग्वाला टोली चौक है. चेकिंग करने पर उनके पास से ब्राउन शुगर मिला.

## पश्चिमी सिंहभूम में 16 स्थानों पर चेकनाका बनाया गया

**चाईबासा ।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिला में निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के आदेश पर पश्चिमी सिंहभूम जिले में चेकनाका बनाया गया. चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर व चक्रधरपुर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न थाना में सात कंपोजिट चेकपोस्ट तथा 9 अन्य स्थानों सहित कुल 16 स्थानों पर चेकनाका बनाया गया है. अन्य जिलों से इस जिले में आने वाले अथवा जिले के अंदर आवागमन करने वाले सभी प्रकार के वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है. कुजू नदी पुल के पास, झींकपानी थाना के पास, पुण्डीगुटू चौक- तांतनगर, पुटीसिया चौक- मंझारी, रस्सेल उच्च विद्यालय- जगन्नाथपुर, जैंतगढ़ बैतरनी नदी चम्पुआ पुल के पास- जगन्नाथपुर में चेकनाका बनाया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### सेना व पूर्व सैनिकों ने चलाया पौधरोपण व स्वच्छता अभियान

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के जुबिली पार्क परिसर में रविवार को भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों के साथ सुबह साढ़े पांच बजे से आठ बजे तक पौधरोपण सह स्वच्छता अभियान चलाया गया. इसी क्रम में परिषद के सदस्यों, इसकी आनुषंगिक ईकाई फौजी एंड फ्रेंड्स की जय हो टीम के सदस्यों और स्थानीय सोनारी आर्मी कैंप के जवानों ने मिलकर जुबिली पार्क परिसर में पौधरोपण किया. साथ ही लोगों के बीच फलदार पौधों का वितरण भी किया. इस अभियान में और लोग भी जुड़े और पार्क में बिखरी पॉलीथिन, बोतलें, आदि को चुनकर डस्टबिन में डाला.

### सरजमदा में शिविर में 66 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**जमशेदपुर ।** यूथ सोशल एक्टिविटी के द्वारा रविवार को सरजमदा सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एसएन पाल उपस्थित थे. इस दौरान स्वैच्छिक रुप से 66 लोगों ने रक्तदान किया. इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर कियाग या. मौके पर यूथ सोशल एक्टिविटी के अध्यक्ष सुभाष मन्ना, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न गोराई, सचिव मिंटू गोराई, कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार, उपसचिव सुदर्शन गोप, सदस्य छोटे शर्मा, अरविंद, तापस, श्रवण, मोहन आदि मौजूद थे.

### कल्पनापुरी में मकान मालिक और किरायेदार के घर में चोरी

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के कल्पनापुरी में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है. रंजीत सांडिल्य बताते हैं कि यहां हर रात किसी न किसी घर का ताला टूटता है. शनिवार की रात कल्पनापुरी निवासी रमेश चंद्र यादव के घर में चोरों ने चोरी की. चोरों ने उनके किरायेदार के घर का भी ताला तोड़ा है. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है. चोरी की घटना देर रात की है. मकान मालिक रमेश चंद्र यादव के पुत्र राहुल ने बताया कि चोरों ने घर के पीछे से घुस कर घटना को अंजाम दिया है. चोर दूसरे कमरे में रखी अलमीरा का ताला तोड़कर 15 से 20 हजार नकद, जेवरात और दो एंड्रॉयड मोबाइल ले उड़े. साथ ही किरायेदार के बंद घर का ताला तोड़कर उनके यहां भी चोरी की. उन्हें सूचना दे दी गई है.

### चक्रधरपुर में सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत, टाउन काली मंदिर में की पूजा

# दिनभर उपवास रख पति की लंबी आयु की ईश्वर से की कामना

- महिलाओं ने चांद देख व्रत तोड़ा और पति का लिया आशीर्वाद

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

पति के लंबी उम्र की कामना के लिए रविवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रख कर पूजा अर्चना की. इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने शाम को चांद निकलने से पहले पूजा-अर्चना की और चंद्र दर्शन के बाद व्रत तोड़ा और पति व अपने बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया. वहीं पति ने अपनी पत्नी को उपहार भी दिए. चक्रधरपुर के टाउन काली मंदिर में रविवार शाम सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना के लिए इकट्ठा हुईं, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर पति की



चक्रधरपुर के टाउन काली मंदिर में करवा चौथ की पूजा करती महिलाएं.



मंदिर में पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना करतीं महिलाएं.

लंबी आयु की कामना की. वहीं कई महिलाओं ने घरों में करवा चौथ की पूजा की. शाम में चांद निकलने पर चांद की आरती उतारकर छलनी से पहले चांद को फिर पति को देखा. आखिर में पति ने महिलाओं को पानी पिलाकर व्रत पूरा कराया. घरों में कई तरह के पकवान भी बनाए गए थे.

### कराईकेला के जंगल में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी

# पुलिस व सीआरपीएफ ने नक्सलियों का छुपाया दो एसएलआर किया बरामद

- कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के पास जंगल से मिला हथियार
- मई 2024 में पुलिस से मुठभेड़ में मारा गया था नक्सली बुधराम मुंडा

**संवाददाता । किरीबुरु**



बरामद एसएलआर एवं जानकारी देते एसपी व अन्य पदाधिकारी.

चाईबासा पुलिस ने कराईकेला थाना अन्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के जंगल में नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये दो एसएलआर बरामद किया है. इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने चाईबासा में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 18 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मई 2024 में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई थी, जिसमें नक्सली बुधराम मुंडा मारा गया था.

उक्त घटना के पश्चात नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय द्वारा कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाडा के जंगल में हथियारों को छुपाकर रख गया है, इसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा के नेतृत्व में सीआरपीएफ 157 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन कर उक्त जंगल में सर्च अभियान शुरू किया. संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान 19 अक्टूबर को कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आस-पास जंगल से दो एसएलआर रायफल बरामद किया गया.

अभियान दल में पारस राणा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा, चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ 157 बटालियन का ब्रेभो कंपनी एवं सैट 58 के जवान शामिल थे.

उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है, जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209, 203, 205 बटालियन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60, 197, 157, 174, 193, 157, 134, 26, 11 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है. संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है.

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाल चलाएगा अभियान

**घाटशिला ।** परंपरागत स्वशासन व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम मांझी परगना महाल घाटशिला की ओर से रविवार को सिदो-कान्हू हुलगड़िया मैदान में बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता महाल के प्रखंड अध्यक्ष सह देश विचार सचिव बहादुर सोरेन ने किया. इस सामाजिक बैठक में कई निर्णय लिए गए. बैठक में निर्णय लिया गया कि चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव का पहला चरण का मतदान 13 नवंबर 2024 को होना है. इसके लिए मतदान शत-प्रतिशत कराने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. बैठक के दौरान झारखंड पारंपरिक सांस्कृतिक पर्व सोहराय (देश वंदना) को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. इसकी तैयारी को लेकर 27 अक्टूबर को किताडीह में बैठक की जाएगी. बैठक में ग्राम सभा को सशक्तीकरण को लेकर हर एक गांव में ग्राम सभा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया. बैठक में कहा गया कि वन भूमि पर आश्रित वंचित दावेदारों को वन पट्टा दिलाने के लिए आंदोलन तेज किया जाएगा. मांझी बाबा, ग्राम प्रधान, पौराणिक, नायके, गोडैत, मांझी बाबा को सामान्य राशि दिलाने को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा. बैठक में सुराई मुर्मू, सुखलाल मुर्मू, दुर्गा मार्डी, मनसा हेम्ब्रम, श्याम चरण मुर्मू, परान हेम्ब्रम, राजेश सोरेन, जगन्नाथ सोरेन, विष्णु पदो महतो, तुलसी महतो, छोटू सिंह, जन्मेजय सिंह, डीसी सोरेन, सूरज दंडपाट व दर्जनों गांव ग्राम प्रधान मौजूद थे.

# बुंडू गांव से गुरुवारी अंगारिया का शव टोंटो पुलिस ने किया बरामद



ग्रामीणों से हत्या के संबंध में पूछताछ करती पुलिस.

**संवाददाता । किरीबुरु**

टोंटो थाना अन्तर्गत अत्यन्त नक्सल प्रभावित बुंडू गांव के मानकी टोला निवासी ओयबन अंगारिया की पत्नी गुरुवारी अंगारिया का शव टोंटो थाना पुलिस ने बुंडू गांव से 20 अक्टूबर की सुबह बरामद किया. नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से टोंटो थाना पुलिस रविवार को रोवाम स्थित सीआरपीएफ कैम्प से भारी संख्या में जवानों को लेकर उक्त गांव में पहुंची. इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी बुंडू गांव निवासी पीरु अंगारिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दूसरा आरोपी बुढ़न सिंह अंगारिया फरार है. उल्लेखनीय है कि गुरुवारी अंगारिया की हत्या 17 अक्टूबर की रात उसके घर पर पत्थर व ईंट से प्रहार कर दोनों अपराधियों ने कर दी थी. हत्या के बाद रात में ही शव को गांव से दूर रोवाम गांव क्षेत्र स्थित अस्पताल के बगल कारो नदी तट पर बालू अथवा मिट्टी के नीचे छुपा दिया था. गिरफ्तार पीरू की निशानदेही पर शव को नदी किनारे से शव निकाला गया. गिरफ्तार आरोपी पीरु अंगारिया ने बताया कि मृतका उसे हमेशा गाली देती थी. घटना के दिन वह रोवाम बाजार गया था. वहां बुढ़न अंगारिया के साथ नशापान कर गांव लौटा था. देर शाम गुरुवारी अंगारिया उसे गाली दे रही थी. इसके बाद नशे की हालत में दोनों मिलकर पत्थर व ईंट से प्रहार कर उसकी हत्या कर शव को नदी किनारे जमीन में छिपा दिया.

# गुवा वन विभाग की टीम ने अवैध बालू ले जा रहे तीन हाइवा को किया जब्त

- जब्त वाहन बराईबुरु चेकनाका के पास रखा गया है

**संवाददाता । किरीबुरु**

मनोहरपुर क्षेत्र से अवैध बालू लदे तीन हाइवा को किरीबुरु व गुवा वन विभाग की टीम ने 20 अक्टूबर की अहले सुबह लगभग दो बजे सैडल गेट क्षेत्र से पकड़ा है. हाइवा को बराईबुरु चेकनाका के पास रखा गया है. वन विभाग ने यह कार्रवाई डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निर्देश पर की है.

डीएफओ से सारंडा के विभिन्न गांवों के मानकी-मुंडाओं ने शिकायत की थी कि सूर्यास्त के बाद तथा सूर्योदय के पहले रिजर्व वन क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों का परिवहन वर्जित है, लेकिन रात भर मनोहरपुर एवं बड़ाजामदा के बीच मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन जारी रहता है. इसे रोका जाये. इसी के आधार पर वन विभाग ने रात में तीनों वाहनों को पकड़ा है.



पकड़ा गया तीनों हाइवा तथा इनसेट में तीनों वाहन के चालक.

हाइवा (जेएच05एवाई- 1668) मनोहरपुर निवासी राकेश पोद्दार का है. हाइवा चालक बब्लू तोरकोट ने बताया कि उसके पास बालू का चालान नहीं था. बालू मनोहरपुर के तीरला घाट से उठाया था. उसे बोलानी लेकर जा रहा था. ओआर23सी- 9028 मनोहरपुर निवासी राजेश यादव उर्फ गोविंदा का है. उसके चालक जेम्स हेम्ब्रम ने बताया कि बिसरा के तेतरकेला से बालू लोड किया था. दूसरे रुट का परमिट था लेकिन रुट बदलकर बोलानी जा रहा था. हाइवा (ओडी09के-6300) किरीबुरु निवासी आशिफ इकबाल का है. हाइवा चालक प्रकाश बिरुवा ने बताया कि तेतरकेला बालू घाट से बालू उठाया था. उसके पास चालान नहीं था.

**प्रतिभा** | 32वीं पद्माबाई रूंगटा अंतर-जिला गणित प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# तीन जिलों के 2700 छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी बौद्धिक क्षमता

**संवाददाता । चाईबासा**

रोट्रैक्ट क्लब ऑफ चाईबासा के तत्वावधान में 32वीं पद्माबाई रूंगटा अंतर-जिला गणित प्रतियोगिता का आयोजन मांगीलाल रूंगटा प्लस टू उच्च विद्यालय और मारवाड़ी हिन्दी मध्य विद्यालय, चाईबासा में सम्पन्न हुआ. प्रतियोगिता में तीन जिलों से लगभग 2700 विद्यार्थियों ने भाग लिया. जिनमें कक्षा 7, 8, 9 और 10 के छात्र-छात्राएं शामिल थे. यह प्रतियोगिता गणित में छात्रों की बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने और उन्हें एक मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है. इस वर्ष की प्रतियोगिता में सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि 60% छात्र-छात्राएं सरकारी विद्यालयों से आए थे. यह रोट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष रोट्रैक्टर अक्षय कुमार गुप्ता के ग्रामीण और सरकारी स्कूलों पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य की सफलता को दर्शाता है. यह प्रतियोगिता "रेल नियमित आकलन प्रारूप" पर आधारित थी. इससे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को मजेदार और प्रासंगिक बनाया गया. विद्यार्थियों ने इस प्रारूप का भरपूर आनंद लिया और इसके माध्यम से गणित के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की. इस बार प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में शिक्षक भी उपस्थित थे, जिन्होंने न केवल आयोजन की सराहना की, बल्कि इसके संचालन में भी सहयोग किया. साथ ही, महिला कॉलेज बीएड विभाग की छात्राओं ने स्वयंसेवी के रूप में अपनी सेवाएं दीं, जबकि कॉमर्स पॉइंट और इंस्टिट्यूट स्वीट होप के छात्रों ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. इन छात्रों की मदद से प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संचालित किया गया.



अंतर जिला गणित प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं.

**सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित**

मारवाड़ी हिंदी मध्य विद्यालय, चाईबासा केंद्र को निर्मल त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक, ने बहुत ही कुशलता से प्रबंधित किया. श्री त्रिपाठी ने जो स्वयं रोट्रैक्ट क्लब के पुराने सदस्य रहे हैं, अपनी दूरदर्शिता और अनुभव का उपयोग करते हुए पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया. उनकी देखरेख में परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं. जिससे प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा.

**प्रतियोगिता के दो चरण**

प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित किया गया. पहले चरण में कक्षा 7 और 10 के छात्रों ने परीक्षा दी. जबकि दूसरे चरण में कक्षा 9 और 8 के छात्रों ने भाग लिया. परीक्षा में पूछे गए प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के थे, जो झारखंड बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा पद्धति के अनुरूप थे. इस आयोजन का एक विशेष लक्ष्य यह भी था कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इस मंच के माध्यम से गणित के प्रति रुचि बढ़ाने का अवसर मिले.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने मजदूर नेताओं से मांगा समर्थन



**किरीबुरु ।** पूर्व सांसद सह जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने 20 अक्टूबर को गुवा का दौरा कर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है. उन्होंने वहां के विभिन्न मजदूर संगठनों के नेताओं के साथ बैठक कर चुनाव में समर्थन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि वे आगामी 24 अक्टूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगी. गीता कोड़ा ने गुवा में भाजपा कार्यकर्ताओं व सामाजिक संगठनों के नेताओं से भी मुलाकात की. इस दौरान मजदूर नेता रामा पांडे, अंतर्यामी महाकुड़, राजेश यादव, दिलबाग सिंह, जयसिंह नायक, विश्वजीत तांती, मुकुंद बोसा सहित अन्य मौजूद थे.

### 35 लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार, बाइक जब्त



**चांडिल ।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना की पुलिस ने बाइक से शराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 35 लीटर देसी शराब के साथ सालुकडीह निवासी भुवनेश्वर महतो उर्फ मलखान महतो को गिरफ्तार किया है. अभियान के दौरान पुलिस ने एक बाइक भी जब्त किया है. जिला पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को सूचना मिली थी कि ईचागढ़ थाना अंतर्गत सालुकडीह के रास्ते अवैध देसी शराब की तस्करी की जा रही है. पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद ईचागढ़ थाना की पुलिस ने सालुकडीह पहुंच कर एंटी क्राइम चेकिंग कर हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल सवार को पकड़ा.

### विधायक सुखराम के आवास पर कई ने ली झामुमो की सदस्यता



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास में रविवार को कई लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.जहां विधायक सुखराम उरांव ने सभी को फूलों माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई.इस मौके पर बंदगांव प्रखंड की घाटी नीचे के ओटार गांव से सत्यजीत महतो, अजीत महतो, विकास महतो, राजा महतो, मोहन मांझी, ब्रजो मांझी, गंगाराम मुंडा, शक्ति खंडाईत, राजेश खंडाईत, मंगल खंडाईत, अमरीका नायक, बासीराम दिग्गी, सोनाराम दिग्गी, रामनाथ गुंडुवा, प्रफुल्लो खंडाईत, दिनेश नायक, अजय खंडाईत, जयराम नायक, सदाशिव लोहार आदि ने सदस्यता ग्रहण की.

### तिरुलडीह गोलीकांड के शहीदों को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि



**चांडिल ।** संयुक्त बिहार के सिंहभूम जिला अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड के तत्कालीन मुख्यालय तिरुलडीह में 21 अक्टूबर 1982 को हुए गोलीकांड की दास्तां वर्तमान में भी नौजवानों के बीच अपनी माटी और अपने लोगों के लिए कुछ कर गुजरने की ऊर्जा भरता है. गोलीकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले ईचागढ़ प्रखंड के आदरडीह निवासी शहीद धनंजय महतो और चांडिल प्रखंड के कुरली निवासी शहीद अजीत महतो इस क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिरुलडीह स्थित शहादत स्थल पर सोमवार को दोनों महान शहीदों को कृतज्ञ जनता श्रद्धांजलि अर्पित करेगी.

### समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई से मिले मुंडा व ग्रामीण



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई के चक्रधरपुर स्थित आवास पर रविवार को विभिन्न गांव के मानकी-मुंडा के साथ-साथ ग्रामीण पहुंचे. विभिन्न गांवों के मुंडाओं व ग्रामीणों ने डॉ. विजय सिंह गागराई को अपना समर्थन दिया. ग्रामीणों ने कहा कि पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के बैनर तले चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में आपके द्वारा किये जाने वाले विकास कार्य से हम सभी ग्रामीण काफी प्रभावित हैं. मौके पर मगुरदा के मुंडा वीर सिंह हांसदा, महुलपानी गांव के मुंडा बिरसा बांदिया समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

### गीता कोड़ा भाजपा नेता मंगल गिलुवा व उनकी पत्नी से मिली



**किरीबुरु ।** 54 जगन्नाथपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा बराईबुरु गांव स्थित भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह किरीबुरु पूर्वी पंचायत के मुखिया मंगल सिंह गिलुवा एवं उनकी पत्नी सह नोवामुंडी की प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा के घर जाकर दोनों से शिष्टाचार भेंट की. दोनों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई. उल्लेखनीय है कि मंगल सिंह गिलुवा भी जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार थे, लेकिन गीता कोड़ा को भाजपा ने टिकट दिया. यह मुलाकात की चर्चा जोरों पर है.

# फ्रेंड्स क्लब को हरा प्रताप क्रिकेट क्लब क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



**संवाददाता । चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 31वीं एसआर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत रविवार को खेले गए मैच में प्रताप क्रिकेट क्लब चाईबासा ने फ्रेंडस क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. प्रताप क्रिकेट क्लब की यह लगातार दूसरी जीत है. आज की जीत के साथ ही प्रताप क्रिकेट क्लब के कुल आठ अंक हो गए हैं और अंक तालिका में ग्रुप-सी में वह पहले पायदान पर है और इसका क्वार्टर फाईनल में खेलना लगभग तय है. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस प्रताप क्रिकेट क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस क्लब की पूरी टीम 24.2 ओवर में मात्र 96 रन बनाकर आल आउट हो गई. इस टीम की ओर से सुभाष जोंको ने 28, निलेश सिंह कुंटिया ने 21 तथा चंदन कुमार गोप ने 15 रन बनाए. प्रताप क्लब की ओर से चक्रधर, सुधांशु पाल, दीपेंद्र यादव एवं प्रतीक अग्रवाल को दो-दो विकेट मिले. जीत का लक्ष्य प्रताप क्रिकेट क्लब ने 14 ओवर में 102 रन बनाकर प्राप्त कर लिया. इस प्रयास में उनके तीन बल्लेबाज पैविलियन लौट गए. प्रताप क्रिकेट क्लब की ओर से आकाश त्रिपाठी ने 33 तथा चक्रधर ने 30 रनों की बेहतरीन पारी खेली नाबाद रहे. अनिश कुमार दास ने भी 26 रनों की उपयोगी पारी खेली.

### सांसद के साथ बड़कागांव के बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने किया विस चुनाव प्रचार का शंखनाद

# झारखंड में लूट और झूठ की सरकार से जनता परेशान : जायसवाल

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित मां अष्टभुजी के दरबार और पुरनी पेटो स्थित प्राचीन बुढ़िया माता स्थान में क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने पूजा- अर्चना कर विधानसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद किया. दोनों नेताओं ने ग्राम बेलतू, पतरा खुर्द, छोटकी गर्री, गर्री कला, पतरा कला गेट, कोदवे, बैंगवरी, बालेदेवरी, चट्टी बरियातू, केरेडारी, लयसुकुवार, पेटो, पुरनी पेटो, बटुका, तरवां, हफुआ, बुंडू, पताल एवं टंडवा प्रखंड स्थित कल्याणपुर, कारो, पिपचो, बचरा एलओ कॉलोनी, बचरा बाजारटांड़ और बचरा चार नंबर गेट का दौरा करते हुए जनसमर्थन मांगा. कई जगहों पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया. मौके पर विशेषरूप से केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, बड़कागांव भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्री सिंह, उपेंद्र सिंह, संजीव मिश्रा, भाजपा जयनारायण प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, मूलचंद साव, महेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार, मेवालाल नाग, राकेश कुमार, आजसू नेता दिलीप दांगी, संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, तापेश्वर कुमार तापस, गिरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे.



जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव से भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी.

जायसवाल ने केरेडारी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एनडीए गठबंधन पूरे झारखंड में चुनाव लड़ रहा है और एनडीए ने अपने सभी प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है. राज्य में पिछली बार जो सरकार बनी और उसने वादाखिलाफी की है. झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार अपने वादों को पूरा नहीं कर पाई. खनिज पदार्थ की लूट चरम पर है. ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग के साथ पूरा झारखंड भ्रष्टाचार के आकंड़ में डूबा हुआ है. वर्तमान सरकार में लूट और झूठ का राज है. उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड की समस्त जनता संकल्पित है परिवर्तन लाने के लिए. एक सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि अगर झारखंड में भाजपा सरकार बनती है तो निश्चित रूप से मोदी की गारंटी जनता को मिलेगी. अगर एनडीए की सरकार बनती है तो निश्चित रूप से जनकल्याणकारी और ठोस निर्णय लेने वाली यूपी, एमपी और छत्तीसगढ़ की तर्ज़ की सख्त कानून व्यवस्था के साथ चलनी वाली सरकार बनेगी और जनता राज आएगा.

### रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनियामारा जंगल की घटना

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

- युवती ने रजरप्पा पुलिस को दी जानकारी
- पुलिस ने मामला दर्ज किया
- आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हो रही छापामारी
- मेडिकल के लिए युवती को भेजा गया सदर अस्पताल

**संवाददाता। रामगढ़**

रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनियामारा जंगल में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना का मामला प्रकाश में आया है. जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना अंतर्गत बड़कीपोना की एक नाबालिग अपने एक दोस्त रामगढ़ निवासी के साथ घूमने के लिए छिन्नमस्तिका मंदिर जा रही थी. रास्ते में जनियामारा जंगल के समीप मोटरसाइकिल रोककर दोनों दोस्त बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचकर युवक को मारपीट कर उसे भगा दिया. वहीं, नाबालिग को घसीटते हुए जंगल मे ले जाकर उसके दुष्कर्म किया. उसके बाद वह धमकी देते हुए कहा कि किसी को बताओगी, तो जान से मार देंगे. इसके बाद युवती किसी तरह भागकर पुलिस के पास पहुंची, जहां उन्होंने अपनी दास्तां को पुलिस को बताया. इसके बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल मे छापामारी अभियान चलाया. वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया.



#### पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कराया मामला दर्ज

इधर, युवती ने रजरप्पा थाना में भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराकर पुलिस से उचित कार्रवाई करने की मांग की है. थाना में दिए आवेदन के अनुसार उसका कहना था कि युवती अपने दोस्त के साथ घूमने लिए मंदिर जा रही थी. रास्ते मे भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी ने मेरे दोस्त के साथ मारपीट कर भगा दिया और मेरे साथ जंगल मे ले जाकर दुष्कर्म किया.

#### दोषी जल्द होगा गिरफ्तार, आरोपी के खिलाफ करेंगे कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी

घटना को लेकर रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने कहा कि एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है. आरोपी भुचुंगडीह निवासी रहीम अंसारी के खिलाफ बीएनएस 65 व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### अंतरजिला चेकनाका पर चला चेकिंग अभियान

**चतरा।** चतरा (27) और सिमरिया (26) विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना है. इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेश घोलप के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले के अंतरराज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर पूरे हफ्ते 24 घंटे चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके. साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों जिसमें एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग द्वारा भी जांच अभियान चलाया जा रहा है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र व भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश दिया.

### छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**चतरा।** चतरा नगर परिषद क्षेत्र में दिपावली व महापर्व छठ पर्व को लेकर साफ सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने को लेकर शनिवार को प्रशासक बिनीता कुमारी व सिटी मैनेजर रोहित डेविड गुड़िया के नेतृत्व ने टीम के साथ विभिन्न छठ घाटों सहित वार्डों का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि छठ तालाब घाट पुरैनिया तलाब घाट, कठोतिया तालाब घाट, हरलाल तालाब घाट और हैरुवा तालाब घाट का निरीक्षण किया गया. उन्होंने कहा कि इन छठ घाटों में साफ सफाई, लाइटिंग की व्यवस्था, मिट्टी कटिंग व लेबलिंग, मिट्टी कटिंग कर सीढ़ीनुमा रास्ता बनाने, सड़क की मरम्मत कराने आदि का निर्णय लिया गया. निरीक्षण के दौरान सिटी मैनेजर रणजीत सिंह, कनीय अभियंता संजीव कुमार के अलावे सुपरवाइजर केतन राम आदि थे.

# भाजपा का उम्मीदवार घोषित कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार

- भाजपा उम्मीदवार के ऐलान के साथ ही पटाखों से गूंजा शहर

**संवाददाता। हजारीबाग**



भाजपा प्रत्याशियों की सूची आने के बाद हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चौक चौराहे पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की. हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस सीट से प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है. अगर कांग्रेस मजबूत प्रत्याशी मैदान में लाती है, तो इस रोमांचक मुकाबला होगा. कांग्रेस से दो दर्जन से अधिक ऐसे दिग्गज उम्मीदवार हैं, जो क्षेत्र में लगातार घर पर जाकर जनसंपर्क में जुटे हुए हैं. वहीं अन्य पार्टी ने भी अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं. इधर पूर्व मंत्री जसवंत सिन्हा ने भी अटल विचार मंच नामक पार्टी बनाई है और सदर विधानसभा से वह दिग्गज उम्मीदवार को उतार रहे हैं. इससे भाजपा को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. वहीं क्षेत्र की जनता की बात करें तो वह बदलाव के मूड में है. वह भी चाहती है कि सदर विधानसभा क्षेत्र में एक बार बड़ी पार्टियों को झटका देना होगा, तभी क्षेत्र का विकास होगा. ऐसे में लोग साफ सुथरा और ईमानदार नेता को अपना प्रतिनिधि चुनाव चाहते हैं.

# भाजपा नेता ने उठाया बगावत का झंडा, चुनाव लड़ने का ऐलान

**संवाददाता। विष्णुगढ़**



किसान मोर्चा के कोडरमा जिला प्रभारी सुशील कुमार महतो ने एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो के खिलाफ मांडू से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है. स्थानीय झारखंड मैरेज गार्डेन में रविवार को आयोजित कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों की बैठक में उन्होंने इसका ऐलान किया.

महतो भाजपा के अलावा आरएसएस में भी कई दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं. 2014 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने पार्टी के टिकट पर मांडू से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी. इसके लिए दिल्ली तक की दौड़ लगाई, मगर सफलता नहीं मिली. भरोसा था कि इस बार पार्टी उन्हें मांडू से चुनाव लड़ाएगी. प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं ने उन्हें टिकट के लिए आश्वस्त किया था. मांडू विधानसभा सीट आजसू पार्टी को दिए जाने की घोषणा के बाद इन्होंने इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया. इसको लेकर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के पश्चात चुनावी समर में उतरने का ऐलान किया. हालांकि. बैठक में विष्णुगढ़ के दोनों भाजपा मंडलों के अलावा टाटीझरिया मंडल के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया.

# पुलिस अधीक्षक ने अंतर जिला चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया



चेक पोस्ट के औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार.

**संवाददाता। रामगढ़**

विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा अंतर जिला चेकपोस्ट तालातांड पतरातू घाटी (रांची सीमा) एवं पालू पतरातू खेलारी रोड़ का औचक निरीक्षण किया गया एवं चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया. औचक निरीक्षण में पुलिस उपाधीक्षक (मु.) चंदन कुमार वत्स, पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पतरातू, पुलिस उपाधीक्षक (प्रो०) फौजान अहमद, प्रचारी प्रवर मंटू यादव, पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह एवं पतरातू अनुमंडल के सभी थाना / ओपी प्रभारी उपस्थित रहे. पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं सीएपीएफ सशस्त्र बल/जिला बल के साथ मिलकर दूसरे जिला से रामगढ़ आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई.

### प्रवर्तन एजेंसियों की जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने

# एक लाख से अधिक के लेन-देन पर रहेगी विशेष नजर

- प्रलोभन से जुड़े मामलों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से विशेष छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश

**संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शनिवार को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रवर्तन एजेंसियों की जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी. देर शाम तक चली इस बैठक में शांतिपूर्ण, प्रदर्शित निष्पक्ष तथा भयमुक्त मतदान कराने को लेकर कई दिशा निर्देश जारी किए गए. बैठक में सभी प्रवर्तन एजेंसी के पदाधिकारी, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी आदि उपस्थित थे.

घोलप ने बैंक खाता के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन के संबंध में आयोग के निर्देशों के अनुपालन के संबंध में सभी बैंकों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया. साथ ही असामान्य एवं संदिग्ध रूप से नकद राशि के निकासी एवं जमा के बारे में चुनाव आयोग के दिशा निर्देश विस्तृत जानकारी सभी को दी गई. सभी संबंधित विभागों में वन, परिवहन, डाक विभाग, रेलवे, पुलिस, कस्टम, आयकर विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए.



जानकारी देते उपायुक्त रमेश घोलप

#### 50,000 से अधिक निकालने पर क्यूआर कोड देगा बैंक

उपायुक्त ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक लाख के अधिक की सभी प्रकार असामान्य एवं संदिग्ध निकासी व दस लाख या इससे अधिक राशि के सामान्य निकासी पर पूर्ण निगरानी रखने का निर्देश सभी बैंक प्रबंधकों को दिया. इसके साथ ही जिले में प्रलोभन की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रवर्तन एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अंतरराज्यीय सीमा चेकपोस्ट नाकों पर निगरानी रखने के अलावा इन्फोरसमेंट एजेंसियों को रेलवे स्टेशनों, ट्रकों, बसों, व्यावसायिक वाहनों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया. निर्वाचन के दौरान बैंकों से पचास हजार रुपये से अधिक की निकासी पर क्यूआर कोड बैंक द्वारा ग्राहकों को प्रदान किया जाएगा ताकि आमजनों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े.

#### तय समयानुसार दी जाएगी जब्ती की जानकारी

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ी विस्तृत जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों व एजेंसियों को दी गयी ताकि (ईएसएमएस) पोर्टल पर तय समयानुसार आवश्यक जानकारी प्रविष्ट किया जा सके उन्होंने कहा कि चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने और प्रत्याशियों व उनके समर्थकों पर निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग की ओर से चुनावी जब्ती प्रबंधन प्रणाली (ईएसएमएस) एप चलाया गया है. यह एप निर्धारित समयावधि में जब्ती की रिपोर्ट देने के लिए बनाया गया है. उड़नदस्ता टीम व स्टेटिक निगरानी टीम द्वारा नकदी, मादक पदार्थ, हथियार इत्यादि की जब्ती का ऑनलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा.

### पुस्तकों की यह तौहीन शर्मनाक | शौचालय के पास लगा है किताबों का ढेर, कोई देखने वाला नहीं

# मैं किताब हूं, अच्छी जगह पर तो रखो साहब...


**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

मैं किताब हूं, कम-से-कम मुझे साफ-सुथरी अच्छी जगह पर तो रखो. मुझे पढ़कर ही, तो तुम यही सीखोगे... कि गंदगी से दूर रहो. मुझे ही गंदा कर दोगे, तो तुम साफ-सुथरा कैसे रहोगे....

दरअसल, जिस विद्या की बदौलत हम ज्ञान प्राप्त करते हैं, उन पुस्तकों की तौहिनी देखनी है, तो जाइए हजारीबाग नया समाहरणालय स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के पश्चिम भाग में बने शौचालय. शौचालय से सटे गंदगियों के बीच किताबों का ढेर लगा है. हजारीबाग में माडल विद्यालय के नवम और दशम कक्षा के लिए रांची झारखंड शिक्षा परियोजना से भेजी गई इन अनमोल पुस्तकों का इनके लिए कोई मोल नहीं. तभी तो विद्या देने वाली यह पुस्तकें शौचालय के पास धूल फांक रही हैं. इतने बड़े समाहरणालय में पुस्तकों को रखवाने की यह जगह सुनिश्चित करना कितना शर्मनाक है, यह यहां लगे किताबों के ढेर को देखकर समझा जा सकता है. शिक्षा परियोजना के कर्मियों को जब अपने संस्थान का अर्थ समझने से ही कोई मतलब नहीं है, तो फिर ज्ञान से संबंधित कार्यक्रम कराने का कोई औचित्य नहीं रह जाता. इन्हीं अनमोल पुस्तकों से हम विद्या ग्रहण कर लायक इंसान बनते हैं और फिर रोजी-रोटी कमाते हैं. यह सिर्फ पुस्तकों की ही तौहीन नहीं है, बल्कि विद्यादायिनी मां सरस्वती का भी अपमान है. हर दिन झारखंड शिक्षा परियोजना का हर कोई अधिकारी-कर्मी इधर से ही शौचालय आते-जाते हैं, लेकिन यहां रखी पुस्तकों बेकद्री को लेकर किसी ने भी सवाल उठाना लाजिमी नहीं समझा. किसी ने चुटकी लेते हुए कहा कि अब डिजिटल युग में इन कागज के पन्नों का क्या मोल.... तो साहब यह जानिए कि डिजिटल का कोई भरोसा नहीं, कब पूरा डेटा उड़ जाए, लेकिन यह कागज के पन्ने सदैव साथ निभाएंगे. वैसे भी कागज के इन पन्नों पर उकेरे अक्षर ही हमारे ज्ञान के भंडार से जीवन को उजाला करते हैं. इस संबंध में एडीपीओ कौशल किशोर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर को किताबें बांट दी जाएंगी. वह नए आए हैं, इससे पहले पुस्तकें यहीं रखे जाने की बात कर्मियों ने बताई. 17 अक्टूबर को रांची से पुस्तकें भेजी गई थीं. किताबें जल्द बंट जाएं तो बेहतर, कम-से-कम इस जिल्लत भरी जगह से पुस्तकों को छुटकारा तो मिल जाएगा.

#### विद्या के प्रति झारखंड शिक्षा परियोजना बना संवेदनहीन



शौचालय के पास रखीं पुस्तकें.

### डायरिया से एक व्यक्ति की मौत, तीन पीड़ित

**चतरा।** जिले के हंटरगंजर प्रखंड अंतर्गत पैनी कला पंचायत के लोहसिंगना गांव में डायरिया के प्रकोप से एक महिला पार्वती देवी (46) की मौत हो गई. वहीं गांव के ही पैरु भुईया, मालती देवी तथा सोनाली कुमारी बिहार के शेरघाटी में इलाजरत हैं. इस बाबत गांव के दुर्गा रजक ने बताया कि महिला पार्वती देवी की मौत तीन दिन पूर्व दस्त के बाद उल्टी होने से हो गई थी. ग्रामीण इस बात को नजर अंदाज कर दिए. बाद में बीमारी ने बड़ा रूप ले लिया है. वर्तमान में तीन व्यक्ति बीमार होकर बिहार के शेरघाटी में इलाज रत हैं. धीरे-धीरे यह बीमारी अन्य गांव में भी फैल रही है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम से गांव में पीड़ित परिवारों का इलाज सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन दिए जाने की मांग की है.

## न्यूज अपडेट

### बिरहोर टोला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**हजारीबाग।** विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अगुवाई में रविवार को बरही प्रखंड के केवाल गांव के बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बरही एसडीओ जोगन टुडू, बरही बीडीओ एवं सीओ मौजूद रहे. इस दौरान बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके उप विकास आयुक्त ने बताया कि केवाल के बिरहोर टोला में लगभग सौ मतदाता है, जिनकी चुनावी भागीदारी आवश्यक है. आज इन लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित कर चुनाव संबंधी जानकारी दी गई.

### मतदान को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**चतरा।** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान 13 नवंबर को होना है. सभी मतदाता अपने वोट के महत्व को जानकर 13 नवंबर को मतदान करें. इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर अभिषेक पांडेय द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें दुकान-दुकान जाकर दुकानदारों और खरीदारों को जागरूक किया गया. इसके अलावे रैली, बैनर पोस्टर, प्रचार रथ समेत अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया गया. मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर विशेष कार्यक्रम का भी आयोजन करने की तैयारी की गई है.

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया. इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में बीएलओ द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान मतदाता जागरूकता शपथ के साथ रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन कर मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया.

### कई लोगों ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

**चौपारण।** जिला परिषद भवन में भाजपा का मिलन समारोह हुआ. इसमें विधायक के करीबी रहे दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया. पूर्व विधायक ने सबों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. मौके पर भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर, नरेंद्र कुमार, सुधीर सिंह, रामस्वरुप पासवान, विकास यादव, रामजतन सिंह, प्रदीप सिंह, अशोक केशरी, पवन सिंह, छोटु चनद्रवंशी, मो सफाल उद्दीन, विजय गुप्ता, मंतोष सिंह, अशोक सिंह, मो. जहांगीर आलम, प्रदीप केशरी, सुनील शेखर, रामचंद्र सिंह, जन्मजेय सिंह, इंदीवर पीयूष, संतोष पासवान, मोहन भुइयां, जितेंद्र राणा, गौतम रजक, चंदन पासवान, सतीष पांडेय, सोनू खान आदि मौजूद रहे. विधायक के बूथ से ब्रह्मदेव यादव, कारू यादव, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रसादी रविदास, बिनोद चनद्रवंशी लोहंडी आदि मौजूद रहे.

### अवैध शराब के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

**रामगढ़।** उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से रविवार को बरकाकाना थाना अंतर्गत बरटोला पोचरा, पारटांड पोचरा एवं रामगढ़ थाना अंतर्गत गौशाला रोड, गोसा आदि जगहों पर अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण के विरुद्ध सघन व व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान 18 पीस विदेशी शराब, 6 पीस बोतल बीयर, 18 पीस केन बीयर से कुल 4 लीटर अवैध विदेशी शराब, 22 लीटर बीयर, 25 लीटर महुआ शराब एवं 100 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया. वहीं गोसा से अनिल कुमार महतो को गिरफ्तार किया गया है, जबकि बरटोला पोचरा से रामलाल साव एवं पारटांड पोचरा से संदीप मुंडा के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया.

### बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री व भोजन का वितरण

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में स्थित जनता हॉस्पिटल के एक वर्ष पूरे होने पर रविवार को लारी सुकरीगढ़ा के आवासीय विकलांग विद्यालय में बच्चों के बीच पढ़ाई सामग्री व भोजन का वितरण किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ अरविंद कुमार तथा विशिष्ट अतिथि अस्पताल प्रबंधक भूषण सिंह व डॉ नीता मौजूद थे. इस दौरान सिंह ने बताया कि आज हमारे अस्पताल का पूरा एक वर्ष हो गया. विकलांग विद्यालय के सभी बच्चों के लिए जनता हॉस्पिटल का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा. उन्हें न के बराबर शुल्क में बेहतर इलाज प्रदान किया जाएगा. मौके पर शिक्षक लिल्मोहन पटेल, भुनेश्वर चौधरी, गीतू, देवांति, गायत्री कुमारी आदि मौजूद थे.

### इचाक में युवक ने दोस्त की चाकू मार कर हत्या की

**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के आशिया गांव में रविवार देर शाम दोस्त ने दोस्त को ही चाकू मार कर हत्या कर दिया है. मृतक की पहचान आशिया गांव निवासी अरविंद कुमार महतो, पिता गोविंद महतो (26) के रूप में हुई है. इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं और दोनों दोस्त थे. एक आरोपी राहुल कुमार ने चाकू मार कर हत्या की है. वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इचाक में इन दिनों अपराधी, नशेड़ी और जुआरी का मनोबल बढ़ता जा रहा है. घटना का सूचना मिलते ही इचाक पुलिस ने आरोपी युवक राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### मोती से गुड़िया बनाने के प्रशिक्षण का समापन



**केरेडारी।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत संस्कृति महिला समिति ने मोती से गुड़िया बनाने का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया. इसका समापन 18 अक्टूबर को चट्टी बरियातू पंचायत भवन में हुआ, जिसमें समिति की अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद और उपाध्यक्ष राखी गुप्ता उपस्थित रहीं. प्रशिक्षण में चट्टी बरियातू गांव की 18 लाभार्थियों ने भाग लिया, जो अब स्थानीय बाजारों या गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से गुड़ियों की बिक्री कर सकेंगी.

### प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी, जान को खतरा बताया

**हंटरगंज/चतरा।** प्रेमी युगल ने पारिवारिक और सामाजिक बंधन तोड़कर मंदिर में शादी रचा ली. शादी का वीडियो और फ़ोटो आने के बाद लोगों को इस बात की जानकारी मिली. लड़का हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत औरू पंचायत के सतघरवा निवासी लंकेश्वर यादव का पुत्र राजेश कुमार यादव है. वहीं लड़की लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत लमटा पंचायत के अमीनिया गांव की खुशबू कुमारी है. दोनों प्रेमी युगल ने 17 अक्टूबर को डोभी के ठाकुर वाडी मंदिर में शादी रचा ली. इस बाबत लड़की पक्ष के लोगों ने बताया कि हम लोगों द्वारा थाने में गुमशुदगी की सूचना दी गई थी. शादी का फोटो वायरल होने पर हम लोगों को जानकारी हुई. अपनी मर्जी से हुई शादी से दोनों पक्षो के परिजनों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है. अपनी मर्जी से शादी रचा लेने वाले प्रेमी युगल भविष्य को लेकर चिंतित हैं. जानकारी के अनुसार लड़का कुछ महीने पहले लड़की से शादी इनकार करने पर पांच महीने तक चतरा मंडल कारा में रह चुका है. प्रेमी युगल ने बताया कि हम लोगों को अपने परिजनों से जान का खतरा है. हमलोग डरे सहमे हैं. प्रेमी युगल ने प्रशासन से सहायता और सुरक्षा की मांग की है.

